राजस्थान सरकार

आयुक्तालय
राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम
(Mid Day Meal Scheme)

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

क्रमांक एफ 4 ( )प्रा.शि./पीसी/खाद्य सुरक्षा अध्यादेश–2013/2013–14/पार्ट–I /331-336 जयपुर दिनांक : 27.6.2017

अति–आवश्यक

जिला कलेक्टर,
जिला समस्त।

विषय :– मिड डे मील योजनान्तर्गत लाभान्वित छात्र/छात्राओं एवं कुक कम हेल्पर्स के आधार कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– विभागीय पत्रांक 1116 दिनांक 7.3.2017, 247 दिनांक 2.6.2017 एवं 321–25 दिनांक 21.06.2017 के क्रम में

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के माध्यम से योजनान्तर्गत लाभान्वित छात्र/छात्राओं एवं कुक कम हेल्पर्स के आधार कार्ड 30 जून 2017 तक बनवाये जाने एवं निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में आधार कार्ड नामांकन की सूचना भिजवाये जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी समस्त को निर्देशित किया गया था। मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उक्त तिथि 31 अगस्त 2017 तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार योजनान्तर्गत लाभान्वित छात्र/छात्राओं एवं कुक कम हेल्पर्स के आधार नामांकन के सम्बन्ध में अत्यन्त गम्भीर है एवं प्रधानमंत्री कार्यालय से भी लगातार इस सम्बन्ध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सूचना चाही जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में जिला स्तर पर किसी प्रशासनिक अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जावे एवं दिनांक 20 अगस्त 2017 तक लाभान्वित छात्र/छात्राओं एवं कुक कम हेल्पर्स के आधार कार्ड अनिवार्य रुप से बनवाया जाना सुनिश्चित करावें। अभी तक के आधार नामांकन की सूचना विभागीय ई–मेल rajmdm@rediffmail.com एवं mdm-rj@nic.in पर दिनांक 28.06.2017 को सांय 5.00 बजे तक भिजवाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करें एवं आधार नामांकन की साप्ताहिक सूचना भिजवाने की भी कृपया व्यवस्था करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय

आयुक्त
मिड डे मील

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
3. निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. सचिव, राजस्थान मदरसा बोर्ड, जयपुर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक शिक्षा), जिला समस्त।

उपायुक्त(क्रिया.एवं मोनि.)
मिड डे मील

www.rajteachers.com